# 638 करोड़ के निवेश करार हुए, 5000 लोगों को मिलेगा रोजगार

## विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने भी 'राइजिंग राजस्थान' की जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में उत्साह दिखाया




**राइजिंग राजस्थान समिट को लेकर जयपुर के अतिरिक्त कलक्टर मुकेश कुमार मूंड की मौजूदगी में वी.के.आई. इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ एम.ओ.यू. बैठक हुई।**

**जयपुर** । राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट को लेकर निवेशकों एवं उद्योगपतियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। राइजिंग राजस्थान समिट से पहले 8 नवंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन होगा। इसके लिए संपूर्ण जिले के उद्यमियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा स्थित विश्वकर्मा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन भवन में औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, झोटवाडा, जैतपुरा, कालाडेरा, मण्डा, आकेडा डूंगर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ जयपुर में निवेश के संबंध में चर्चा की गयी।

■ **8 नवंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जयपुर, जयपुर ग्रामीण व्र दूदू की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जाएगा।**

रीको द्वारा स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों में इकाईयों स्थापित करने के रूझान के साथ उद्यिमयों द्वारा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एवं रीको के अधिकारियों की उपस्थिति में लगभग 638 करोड़ का निवेश किये जाने के एमओयू हस्ताक्षिरत किये गये जिनके द्वारा 2 वर्ष के अन्दर इकाई स्थापित कर लगभग 5000 व्यक्तियों को रोजगार देना प्रस्तावित किया गया है। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा के अध्यक्ष जगदीश सोमानी, सचिव पुष्प कुमार स्वामी के साथ अन्य उद्यिमयों ने द्वारा भाग लिया गया। रीको इकाई कार्यालय जयपुर (उत्तर) के अन्तर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्रों के पदाधिकारियो द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 3500 इकाइयां कार्यरत है।

# हत्या के मामले में वांछित 20 हजार का इनामी बदमाश पकड़ा

■ **करधनी पुलिस ने आरोपी को दो अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार किया**

■ **पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो देशी कट्टे और कारतूस जब्त किए**

**जयपुर** । करधनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झुंझुनूं में हत्या और हत्या के प्रयास में वांछित 20 हजार रुपये के इनामी आरोपी सहित उसके दो अन्य साथियों को हथियार सहित पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देशी कट्टे सहित दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिला झुंझुनू में हत्या और हत्या के प्रयास में वांछित बीस हजार रुपये के इनामी आरोपी मनोज उर्फ कालू निवासी पचेरी जिला झुंझुनू सहित उसके दो अन्य साथी दीपक कुमार और अभिषेक बतार को निवासी पनियाला जिला कोटपूतली बहरोड़ को थाना इलाके में स्थित कदम की डूंगरी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी कट्टे सहित दो जिंदा कारतूस जब्त किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित मनोज उर्फ कालू झुंझुनू में हत्या काण्ड के बाद से ही फरार चल रहा है। जिस पर पुलिस अधीक्षक जिला झुंझुनू द्वारा आरोपित मनोज उर्फ कालू की गिरफ्तारी पर बीस हजार का इनाम घोषित किया किया हुआ है। इसी मामले में आरोपित परिवादी पक्ष को धमकाकर राजीनामा करने कके के लिए फायरिंग की वारदात कर जानलेवा हमले प्रयास किया था।

# नौकर ने चुराया सामान

**जयपुर** । ब्रह्मपुरी थाना इलाके में नौकर ने कई दिनों में मालिक की फर्म से दो लाख रुपए का सामान पार कर लिया। पुलिस के अनुसार मालन का चौराहा सी स्कीम निवासी साहेब सौखिया ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी फर्म में उदय खंडेलवाल काम करता था जो कि दूसरी फर्म को माल पहुंचाने के साथ काम भी करता है। आरोपी ने सामान लाने-ले जाने के दौरान करीब दो लाख रुपए का सामान पार कर लिया। मामले का पता उसके सामान की जांच करने पर लगा। इस पर पीड़ित थाने पहुंचा और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टी.बी. व फेफड़ों की बीमारियों के इलाज में नवाचारों पर चर्चा




**ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से शुक्रवार को जयपुर में नैटकॉन 2024 कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।**

■ **नेटकॉन कॉफ्रेंस में चिकित्सकों ने कई सत्रों में किया मंथन**

**जयपुर** । ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नैटकॉन 2024 कॉन्फ्रेंस में पहले दिन विशेषज्ञों ने ट्यूबरकुलोसिस और फेफड़ों की अन्य बीमारियों के इलाज में नवाचार और उन्नत तकनीकों पर चर्चा की।

कॉन्फ्रेंस में विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की गई, जिनमें बेसिक और एडवांस्ड ब्रोंकोस्कोपी, एंडो ब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड (ईबस), पल्मोनरी फंक्शन टेस्टिंग (पीएफटी), नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन (एनआईवी), ट्यूबरकुलोसिस वर्कशॉप, स्लीप थैरेपी और मेडिकल प्लूरोस्कोपी पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

टीबी पर आयोजित कार्यशाला में डॉ राधा मुंजे, डॉ मो .जावेद, प्लूरोस्कोपी कार्यशाला में डॉ. नागार्जुन, डॉ. डी.सी.गुप्ता, डॉ. अतुल लुहाड़िया, निद्रा रोग कार्यशाला में डॉ. प्रतिभा डोगरा, डॉ. शिवानी स्वामी, डॉ. विकास पिलानिया, स्पाइरोमेट्री कार्यशाला में डॉ. राजेश स्वर्णकार, डॉ. एम.के.गुप्ता, डॉ. पीयूष अरोड़ा, नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन की कार्यशाला में डॉ.जी.सी.खिलनानी, डॉ. संजय सोगानी, डॉ.अंकित बंसल, इबस कार्यशाला में अमित धमीजा, डॉ. शीतू सिंह, डॉ. मधुर जोशी, ब्रोंकोस्कोपी में डॉ. अमिता नेने, डॉ.शुभ्रांशु, डॉ.देवेश ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इसी प्रकार एडवांस ब्रोंकोस्कोपी में डॉ.राजा धर, डॉ. राकेश गोदारा, डॉ. अशोक कुवल ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया।

विशेषज्ञों ने कहा कि इन उन्नत तकनीकों का उपयोग करके टीबी और फेफाडों की अन्य बीमारियों के इलाज में सुधार हो सकता है और मरीजों की जीवनशैली में सुधार हो सकता है।

कार्यशाला का उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि टीबी के क्षेत्र में विशेषज्ञों और पेशेवरों की यह प्रतिष्ठित सभा इस बीमारी से लड़ने के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह सम्मेलन हमें टीबी की चुनौतियों का सामना करने में ज्ञान, अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का एक अनोखा अवसर प्रदान करता है।

## राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय आपात बैठक हुई

**जयपुर** । राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय आपात बैठक शुक्रवार को जयपुर स्थित जलदाय विभाग के गेस्ट हाउस में संपन्न हुई।

राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक ने बताया कि राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए एक समिति बनाई जाएगी, जो मार्च 2025 तक अध्यक्ष पद पर निर्वाचन का कार्य करेगी। बैठक में प्रदेश की कार्यकारिणी, सभी जिला अध्यक्ष, सभी विभागीय समिति अध्यक्ष उनकी कार्यकारिणी तथा वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक को राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, देवेंद्र सिंह नरूका, शेर सिंह यादव,गोपाल स्वरूप पाठक, महेन्द्र घायल, विनोद सिद्धा, पंकज झुरिया, श्रवण कुमार, सतीश शर्मा, सुभाष लुगारिया, रमेश तिवाड़ी, प्रदीप सिंह, अनिल शर्मा, प्रदीप गुर्जर, गोपाल सिंह मीणा ने संबोधित किया, बैठक की अध्यक्षता गोपाल सिंह मीणा ने की। बैठक में निर्णय लिया कि पदोन्नितयों पर लगी न्यायालय की रोक के कारण दो से अधिक संतान वाले कार्मिकों के लिए पद सुरक्षित रखते हुए शेष कार्मिकों की पदोन्नित किए जाने की शिथिलता प्राप्त करने तथा वेतन विसंगति दूर करवाने के लिए प्रयास किए जाएं।

# स्थापना दिवस पर जयपुर की संस्कृति और सभ्यता की दिखेगी झलक : कुसुम यादव

## हैरिटेज मेयर ने किया गणेश पूजन के साथ जयपुर स्थापना दिवस समारोह का भव्य आगाज



**जयपुर स्थापना दिवस समारोह के शुभारंभ पर शुक्रवार को गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में कत्थक नृत्य का आयोजन हुआ।**

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम हैरिटेज की ओर से अपनी सांस्कृतिक, हैरिटेज, वास्तु कला, परंपरा और ऐतिहासिक विरासत में दुनिया भर में अपनी अलग पहचान रखने वाले जयपुर शहर के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को हो गया।

महापौर कुसुम यादव और आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने मोती डूंगरी श्री गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि जयपुर स्थापना दिवस के

■ **हैरिटेज वॉक से शहरवासियों को दिया स्वच्छता का संदेश**

■ **21 अक्टूबर को जल महल की पाल पर होगी सांस्कृतिक संध्या**

समारोह की शुरुआत शुक्रवार सुबह मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश पूजन के साथ शुरू हो गई है। इसके बाद गंगापोल स्थित गणेश जी की प्रतिमा का पूजन किया गया । महापौर ने बताया कि इस बार समारोह के अंतर्गत राजस्थानी रीति रिवाज और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए कई आयोजन किए जाएंगे। शहरवासी समारोह के अंतर्गत जयपुर की विरासत को नजदीक से झलक देख पाएंगे। इस बार होने वाले कार्यक्रम में राजस्थानी कार्यक्रम, सूफी कार्यक्रम, हेरिटेज वॉक, कत्थक नृत्य और बॉक्स क्रिकेट को भी शामिल किया गया है। समारोह के अंतर्गत शहर के आराध्य श्री गोविंददेव जी मंदिर में कत्थक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने परकोटे में अपने पुराने दिनों का जिक्र करते हुए महापौर कुसुम यादव को बधाई दी। सांसद मंजू शर्मा ने बताया कि जयपुर स्थापना दिवस समारोह को शुरू कराने का श्रेय पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय भंवर लाल शर्मा को जाता है। पूर्व मंत्री भंवर लाल शर्मा ने सदैव जयपुर की विरासत को संजोने का कार्य किया। आज महापौर कुसुम यादव ने जयपुर समारोह का आयोजन का शुभारंभ किया। इसके लिए सभी को बधाई देती हूं। इस दौरान आयुक्त अरुण कुमार हसीजा, पूर्व सांसद राम चरण बोहरा, भाजपा नेता रवि नैय्यर, चन्द्र मोहन बटवाडा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ सहित कई पार्षद मौजूद रहे। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि इस बार पर्यटक और स्थानीय लोगों को जयपुर शहर के हैरिटेज से परिचय कराने के लिए हेरिटेज वॉक शाम छह बजे चांदपोल हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर हवामहल तक गई। इस दौरान स्वच्छता का संदेश दिया गया।

## पांचवें सीजन में भी प्रस्तुत होगा राजस्थान का राजसी पहनावा

**जयपुर** । राजस्थान की धरोहर और कला संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित होता आ रहा शादियां-ब्राइडल फैशन एंड ज्वेलरी शो अपने पांचवें सीजन के साथ लौट आया है। राजस्थान पर्यटन विभाग, वर्ल्ड गॉल्ड काउन्सिल, रीको और सरस के सहयोग से होने जा रहे इस कार्यक्रम का 19 अक्टूबर को होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद मंजू शर्मा, विशिष्ट अतिथि सौम्या गुर्जर, पूर्व सांसद मनोज राजोरिया, राजस्थान क्रिकेट अकादमी अध्यक्ष धनज्जय खींवसर, अजमेर विधायक और पूर्व मंत्री अनीता भदेल, जीजेईपीसी के वाईस चेयरपर्सन कीरित भंसाली व वर्ल्ड गॉल्ड कॉउन्सिल, इंडिया के सीईओ सचिन जैन शिरकत करेंगे।

राजस्थान की शिल्पकारी और रंगों से प्रेरित ज्वेलरी और डिज़ाइनर्स गारमेंट्स कलेक्शन को प्रस्तुत किया जाएगा। जश्न से डिज़ाइनर हर्षिका राणावत और अनुराधा राठौड़ अपने हैवी ब्राइडल कलेक्शन में राजस्थानी रजवाड़ों से प्रेरित शुद्ध सोने और चांदी के तारों से तैयार की गई पोशाकों को रैंप पर शोकेस करेंगे।

## सार-समाचार

### प्राकृतिक जलवायु समाधान पर प्रशिक्षण



सुनीता मंत्री

**जयपुर** । जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकटों के इस दौर में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पुनर्स्थापना को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ती जा रही है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, एन्केएन्वायरो सर्विसेजके तत्वावधान मेंप्राकृतिक जलवायु समाधान पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पर्यावरणीय संकटों के समाधान के लिए प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को रेखांकित करता है और इसके सही प्रबंधन पर जोर देता है।एन्केएन्वायरो सर्विसेज देश में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के विषयों पर कार्य करने वाली एक अग्रणी संस्था है,जो इस क्षेत्र में जागरूकता और कार्रवाई को बढ़ावा दे रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व सुनीता मंत्री करेंगी, जो एन्केएन्वायरो सर्विसेज की वरिष्ठ अधिकारी हैं और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके अनुभवों और योगदान के लिए जानी जाती हैं। प्रशिक्षण के संचालन की जिम्मेदारीडॉ. दीप नारायण पाण्डेयको सौंपी गई है, जो पर्यावरण विज्ञान और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में एक प्रख्यात विशेषज्ञ हैं। डॉ. पाण्डेय ने अपने करियर में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं का नेतृत्व किया है, और इस कार्यक्रम में वे प्रतिभागियों को प्राकृतिक जलवायु समाधान से संबंधित वैज्ञानिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेंगे। सुनीता मंत्री ने बताया कि ''यह राजस्थान में अपनी तरह का पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो प्राकृतिक जलवायु समाधानों पर केंद्रित है। आज के समय में जब जलवायु परिवर्तन एक गंभीर चुनौती बन चुका है। इस प्रशिक्षण का पहला चरण विशेष रूप सेएन्केएन्वायरो सर्विसेजके अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित किया जाएगा। इसके तहत उन्हें प्राकृतिक जलवायु समाधान के सिद्धांतों के बारे में गहन जानकारी दी जाएगी, ताकि वे इसे अपने कार्यक्षेत्रों में लागू कर सकें।

### दृष्टिबाधित कलाकारों ने सुर साधे



**जयपुर** । अनुराग संगीत संस्थान की 32वीं अखिल भारती दृष्टिबाधित संगीत प्रतियोगिता शुक्रवार को यहां सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल के ऑडिटोरियम में हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन बाल व युवा कलाकारों ने सुर साधे और अपनी संगीत प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। इसमें देश भर से करीब 250 से अधिक जहीन बाल व यु वा कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रमुख समाजसेवी नंदकिशोर पहाड़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अनिल दीवान, रमेश ठोलिया और अजय भाटिया भी मौजूद रहे। संस्थान अध्यक्ष ज्ञानचंद झझंरी ने बताया कि आज शुक्रवार की प्रतियोगिता में बाल एवं युवा वर्ग का एलिमिनेशन राउंड में प्रत्येक वर्ग में से 15-15 प्रतिभागियों को सेमीफाइनल राउंड के लिए चुना जाएगा। शनिवार शाम 7:30 बजे दृष्टिबाधित कवि सम्मेलन भी होगा। इसमें राष्ट्रीय स्तर के नामी दृष्टिबाधित कवि अपनी रचनाएं सुनाएंगे।

### शास्त्रीय संगीत समारोह का आगाज



**जयपुर** । बाल व युवा नृत्य कलाकारों के जयपुर घराने का शुद्ध पारंपरिक कथक की लालित्यपूर्ण प्रस्तुति के साथ ही संगीत आश्रम संस्थान के तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह का रंगारंग आगाज हुआ। कलाकारों ने आकर्षक फुटवर्क और बेहतरीन आंगिक-भंगिमाओं के साथ कथक का सौन्दर्य छलकाया। शास्त्रीनगर स्थित साइंस पार्क ऑडिटोरियम में शुरू हुए समारोह के पहले दिन शुक्रवार को कलाकारों ने राजस्थानी लोकनृत्यों की भी नयनाभिराम प्रस्तुति दी। संगीत निर्देशक वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम में करीब 30 से अधिक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से दिल जीत लिया। नृत्य निर्देशन संजीव कुमावत, गोविंद प्रसाद व्यास के निर्देशन में हिनायशा, चार्वी, दज्शी, एलिना, वाणी, वंशिका, इनाया, केशवी, निविका, एकार्शी, समृद्धि, नित्या ने गणेश वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी।

### ट्रक की टक्कर से विद्युत पोल गिरा

**जयपुर** । करणी विहार थाना इलाके के धाबास रोड पर निम्बार्क मंदिर हीरापुरा में एक ट्रक की टक्कर से लाइट का पोल हाईटेंशन लाइन पर गिर गया। गनीमत रहीं कि इस दौरान वहां से कोई गुजर नहीं रहा था और बिजली का तार भी नहीं टूटा, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

# आकर्षक वेशभूषा में सजे लोक कलाकारों के नृत्यों में झूम उठीं कई अंचलों की संस्कृतियां

## जवाहर कला केन्द्र में 27वें लोकरंग महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ



**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र के मुक्ताकाशी मंच पर शुक्रवार को 27वें लोकरंग महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में शहनाई, नगाड़ा, कच्छी घोड़ी, कठपुतली और नट कला की बेतहरीन प्रस्तुति ने माहौल को लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि पर्यटन, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन और विशिष्ट अतिथि ग्रामीण गैर कृषि विकास अधिकरण (रूडा) की प्रबंध निदेशक डॉ. मनीषा अरोड़ा समेत जेकेके अतिरिक्त महानिदेशक अलका मीणा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। केन्द्र के ही शिल्पग्राम परिसर में मुख्य मंच पर लोक कलाकारों ने चकरी, बम रसिया, कालबेलिया और चरी की आकर्षक प्रस्तुति दी। कलाकार भूंगर खान मांगणियार समूह के कलाकारों ने लोक गायन से सभी का मन मोहा। मुक्ताकाशी मंच पर कलाकार नाथूराम सोलंकी व साथी कलाकारों की नगाड़ा वादन किया। प्रयागराज के कलाकारों ने ढेढिया नृत्य की प्रस्तुति दी। यह नृत्य राम की अयोध्या वापसी के जश्न के रूप में किया जाता है। जम्मू-कश्मीर में विवाह के अवसर पर किए जाने वाले जागरणा नृत्य के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। महिलाओं के नृत्य में पारिवारिक नोकझोंक नज़र आती है। शेखावाटी से आए कलाकारों ने चंग की थाप से सभी को राजस्थान के रंग में रंग दिया। उत्तराखंड के छपेली नृत्य ने त्योंहार और मांगलिक अवसरों पर पुरुष और महिलाओं द्वारा किए जाने वाले छपेली नृत्य ने मन मोहा। पहली बार लोकरंग का

# जागरण में चाकूबाजी के दौरान 10 लोग घायल

**जयपुर** । करणी विहार इलाके में मंदिर में जागरण में गुरुवार देर रात चाकूबाजी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) से जुड़े 10 लोग घायल हो गए। घायलों को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। जानकारी के अनुसार हमले से गुस्साई भीड़ ने दिल्ली-अजमेर हाईवे को भी जाम कर दिया। पुलिस ने समझाइश के बाद जाम खुलवाया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार थाना इलाके के मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार देर रात जागरण का कार्यक्रम था। इसके बाद प्रसाद की खीर बांटी जा रही थी। इसी दौरान पड़ोस में ही रहने वाले दो लोगों ने कार्यक्रम को लेकर आपत्ति जताई। कहासुनी के दौरान ही उन्होंने अपने साथियों को बुला लिया और चाकू से हमला कर 10 लोगों को घायल कर दिया। इसके बाद गुस्साई भीड़ में दिल्ली अजमेर हाईवे जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस और अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की समझाइश से मामला शांत हुआ।

लोगों का कहना था कि हमारा शांतिपूर्ण प्रोग्राम चल रहा था। जबरन स्थिति को बिगाड़ा गया और चाकूबाजी की गई। मौके पर रात को ही अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया और समझाइश की गई। हमला करने वाले नसीब चौधरी और उसके बेटे को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है। हमलावरों ने चाकू से लोगों के पेट और छाती पर वार किए हैं। घायलों में शंकर बागड़ा, मुरारीलाल, राम पारीक, लाखन सिंह जादौन, पुष्पेंद्र और दिनेश शर्मा सहित अन्य का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने थाने का भी घेराव किया। पुलिस के अनुसार मौके पर शांति है और मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के साथ चेयरमैन-पार्षदों ने देखी लखनऊ नगर निगम और स्मार्टसिटी की कार्यशैली



**जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व चेयरमैन-पार्षदों के दल ने अयोध्या यात्रा के दौरान लखनऊ नगर निगम और स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंचकर वहां की कार्यप्रणाली समझी। इस दौरान लखनऊ महापौर सुषमा खरकवाल भी मौजूद थीं।**

■ **सांस्कृतिक परंपराओं, संस्कृतियों के आदान-प्रदान से कार्यों को मिलती है नई दिशा व आयाम : महापौर**

**जयपुर** । ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर सहित अयोध्या के दो दिवसीय दौरे के दौरान अयोध्या दर्शन के साथ-साथ सभी पार्षदों समितियो के अध्यक्षों, अधिकारियों ने लखनऊ नगर निगम और स्मार्ट सिटी के ऑफिस पहुंचकर वहां की कार्यप्रणाली के बारे में जाना। सभी पार्षदों, समितियों के अध्यक्षों व अधिकारियों ने रात 8 से 10 बजे तक बैठक में हिस्सा लिया। इससे पूर्व लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खरकवाल ने जयपुर के दल का स्वागत किया।

लखनऊ निगम की महापौर सुषमा खरकवाल ने नगर निगम लखनऊ, लखनऊ स्मार्ट सिटी द्वारा वर्तमान में किये जा रहे कार्यों, चलाये जा रहे प्रोजेक्ट, उन प्रोजेक्ट से शहर की बदल रही तस्वीर के बारे में बैठक में मौजूद जयपुर के पार्षदों-समितियों के अध्यक्षों को पीपीटी के माध्यम से विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ स्मार्ट सिटी के तहत किया जा रहे कार्यों जैसे मिशन भरोसा इसके साथ ही शहर में बनाए गए वेस्ट टू वंडर पार्क आमजन की शिकायतों के निस्तारण के लिए बनाए गए कमांड सेंटर, निजी संस्थान को गोद दिए गए पार्कों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने नगर निगम ग्रेटर द्वारा अब तक किए गए नवाचारों, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किए गए कार्यों, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर निगम ग्रेटर द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में तथा अब तक निगम द्वारा बनाए गए वर्ल्ड रिकॉर्ड के बारे में भी अवगत कराया। महापौर ने कहा कि दो दिवसीय इस यात्रा की सबसे खास बात आपसी संस्कृतियों के आदान-प्रदान की रही, जिसमें आपसी सांस्कृतिक परंपराओं संस्कृतियों, खान-पान आदि के बारे में एक दूसरे को अवगत कराया गया। सांस्कृतिक परंपराओं का एक्सचेंज किए।